# पंडित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

(छ.ग. शासन के अधिनियम क्र. 26/2004 द्वारा स्थापित)

कोनी बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) फोन 07752–240711, 240712 website- pssou.ac.in


क्र. 1155/स्था./2018 बिलासपुर दिनांक : 28/09/2018

## //सूचना//

विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारियों/सहायक प्राध्यापक एवं कर्मचारियों को सूचित कि जाता है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं राज्य शासन से प्राप्त पत्र अनुसार दिनांक 29/09/20 को पराक्रम दिवस (Surgical Strike Day) का आयोजन किया जाना है। पराक्रम दिवस (Surgical Strike Day) आयोजन विश्वविद्यालय सभागृह में समय दोपहर 03.30 बजे आयोजित है। निर्धारित तिथि एवं समय पर अ सभी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

कुलसचिव

पृ.क्रमांक 1156/स्था./2018 बिलासपुर, दिनांक: 28/09/2018

प्रतिलिपि –

1. निज सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. क्षेत्रीय निदेशक को सूचनार्थ।
3. वित्ताधिकारी को सूचनार्थ।
4. परीक्षा नियंत्रक को सूचनार्थ।
5. विभागाध्यक्ष कम्प्यूटर साइंस को अपने विभाग में सूचना प्रसारित करने हे
6. कार्यालय प्रति।

कुलसचिव

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Shri Resham Lal Pradhan
Incharge NAAC Criteria-VII
PSSOU, CG Bilaspur

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर
कोनी-बिरकोना मार्ग, ग्रा./पो. - बिरकोना, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)
फोन नं. 07752-240711, 240712 Website : www.pssou.ac.in Email : Info@pssou.ac.in

# सर्जिकल स्ट्राइक दिवस

**29 सितंबर, 2018**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं उच्च शिक्षा संचालनालय से प्राप्त पत्र के अनुसार दिनांक 29 सितंबर, 2018 को सर्जिकल स्ट्राइक दिवस का गरिमामयी आयोजन माहामाया भवन में किया गया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष, डॉ. राजकुमार सचदेव, कुलसचिव पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) वि.वि. छत्तीसगढ, बिलासपुर, मुख्य अतिथि, कर्नल जे. जे. लाल सेवानिवृत्त कर्नल भारतीय थल सेना, विशिष्ट अतिथि, डॉ. आशीष शर्मा एन. सी. सी. अधिकारी डी. पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर रहे। कार्यक्रम का क्रमवार विवरण निम्नलिखित है–

डॉ. आशीष शर्मा एन. सी. सी. अधिकारी डी. पी. विप्र महा. बिलासपुर के नेतृत्व में एन.सी. सी. के 60 कैडेटों ने मार्च पास्ट किया।

कार्यक्रम के संयोजक, डॉ. जयपाल सिंह, विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) वि. वि. छत्तीसगढ़, बिलासपुर

संयोजक ने प्रस्तावना में कहा– पाकिस्तान द्वारा पाले जा रहे आतंकियों के खिलाफ भारतीय वीर जवानों द्वारा की गई सर्जिकल स्ट्राईक को आज दो साल पूरे हो गए हैं। पाक अधिकृत कश्मीर सहित पूरे पाकिस्तान में, पाक द्वारा पाले जा रहे आतंकियों से भारत दशकों से जूझ रहा है। पाक द्वारा जारी छद्म युद्ध का मूँह तोड़ जवाब देना जरूरी था, लेकिन, पीठ पीछे नहीं, सामने दुश्मन पर वार करना हमारा स्वाभिमान रहा है, हम सामने जाकर पराक्रम करते हैं, और दुश्मन को परास्त करते हैं, पीठ पीछे वार करना तो कायरों का काम है। पीठ पीछे मारने वाले कायर हैं, उनके अंदर स्वाभिमान नहीं। यह तो केवल शुरुआत है, हम से टकराने का अंजाम अच्छा नहीं होता यह दुश्मन आतंकियों को समझना होगा। 28–29 सितंबर की रात सीमा पार जाकर हमारे बहादुर सैनिक कहर बनकर पाक द्वारा पोषित आतंकियों पर टूट पड़े। इस पाराक्रम को याद कर पूरा देश गर्व का अनुभव कर रहा है।

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) वि. वि. छत्तीसगढ़, बिलासपुर भी इसी सर्जिकल स्ट्राइक दिवस (पराक्रम पर्व) को मना रहा है। भारतीय सेना सहित आप सभी का इस कार्यक्रम में स्वागत है, अभिनंदन है।

विशिष्ट अतिथि, डॉ. आशीष शर्मा एन. सी. सी. अधिकारी डी. पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Shri Keshav ... Pradhan
Incharge NAAC Criteria
PSSOU, CG Bilaspur

डॉ. शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा एन. सी. सी. से अनुशासन, स्वाभिमान, राष्ट्रप्रेम के प्रति समपर्ण सीखा जाता है। 1948 से लगातार एन. सी. सी. सेना की सहायक टुकड़ी के रूप में कार्य किया है। चाहे वह आंतरिक सुरक्षा का मामले तथा अन्य सामाजिक कार्य जिसमें लोगों को राष्ट्रप्रेम सिखाया जाता है उसमें एन.सी.सी. कैडेटों की अपनी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। साथ ही जब आवश्यक पड़ता है तो सेना के युद्ध जैसी परिस्थिति में पूरा सहयोग देती है।

मुख्य अतिथि, कर्नल जे. जे. लाल सेवानिवृत्त कर्नल भारतीय थल सेना ने अपने उद्बोधन में भारतीय सेना के पराक्रम को बताते हुए कहा कि–"भारतीय सेना विश्व की उन चुनिंदा सेनाओं में से एक है जो अपने देश की रक्षा के लिए किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। उन्होंने आगे कहा हमारी सेना सियाचीन जैसे दुर्गम स्थिति वाले क्षेत्रा में मुस्तैद है। यह इस बात का प्रमाण है कि हम सुरक्षित है, हमें सुरक्षा की दृष्टि से दो बिंदुओं की ओर ध्यान देना आवश्यक है एक आंतरिक सुरक्षा और दूसरी सीमाओं की सुरक्षा। आज सबसे ज्यादा जरूरत आंतरिक सुरक्षा की है तभी हम अपनी सेना के पराक्रम को सही मायने में एक उत्सव के रूप में मना सकते हैं।"

डॉ. राजकुमार सचदेव, कुलसचिव पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) वि. वि. बिलासपुर, छत्तीसगढ़ अध्यक्ष महोदय ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रप्रेम को सबसे ज्यादा और पहले स्थान पर रखने की बात कही। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जिस भी व्यक्ति में राष्ट्रप्रेम है उसमें वे सभी गुण विकसित हो जाते हैं जो राष्ट्र की उन्नति के लिए आवश्यक होते है। भारतीय सेना का सर्जिकल स्ट्राईक इसी राष्ट्रप्रेम का गौरवांवित कर देने वाला उदाहरण है। हमें अपने चारों ओर नजरे घुमानी है ताकि अपने नौजवान साथी जो कठिन परिस्थिति में अपनी देश की सरहदों पर अपने प्राण की आहूति तक देने को तैयार हैं उनके पराक्रम को नमन किया जाता रहे। हम सब में राष्ट्रप्रेम कूट–कूट कर भरा है, हम सब अपने राष्ट्र से अटूट प्रेम करते हैं इसलिए जब राष्ट्र की आनबानशान को चुनौतियाँ देने वालों की बात आती है तो हम सबसे पहले आगे आ जाते हैं। क्योंकि हमें पता है देश को सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है, हम देश पर आने वाली किसी भी विपरीत परिस्थिति के लिए हमेशा तैयार है, यह दुश्मन को अच्छे से समझना होगा।

इस अवसर पर पुनः बहादुर सैनिकों को नमन करते हुए भारतीय सेना के इस अद्भुत कार्यक्रम के लिए भारतीय सेना को साधुवाद और आप सबको बधाई।

जय हिंद। जय भारत।

इस अवसर पर डी. पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर के एन. सी. सी. कैडेट सहित बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी उपस्थित थे।

VERIFIED

Shri Resham Lal Pradhan
Incharge NAAC Criteria-VII
PSSOU, CG Bilaspur

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

विभागाध्यक्ष
हिन्दी–विभाग
पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) वि.वि.
छत्तीसगढ़, बिलासपुर – 495009

# पंडित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

(छ.ग. शासन के अधिनियम क्र. 26 / 2004 द्वारा स्थापित)

कोनी बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) फोन 07752—240752, 240712 website- pssou.ac.in

क्र. 70 / स.का. / 2021 बिलासपुर, दिनांक 23 / 01 / 2021

## / / सूचना / /

विश्वविद्यालय में आज दिनांक 23.01.2021 को समय सायं 04:00 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की 125 वीं जन्म जयंती के सुअवसर पर पराक्रम दिवस के आयोजन पर विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक / अधिकारी / कर्मचारी सिहावा अकादमिक भवन में निर्धारित समय में पुष्पांजली अर्पित हेतु उपस्थित होने का कष्ट करें।

आदेशानुसार

22.1.21

कार्यक्रम प्रभारी

पृ.क्रमांक 71 / स.का. / 2021 बिलासपुर दिनांकः 23 / 01 / 2021

प्रतिलिपि —

1. निज सचिव कुलपति को माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. निज सहायक कुलसचिव को कुलसचिव महोदया के सूचनार्थ।
3. विभागाध्यक्ष .................प्रेषित................................ को अपने विभाग में सूचना प्रसारित करने हेतु।
4. कार्यालय प्रति।

22.1.21

कार्यक्रम प्रभारी

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Shri Resham Lal Pradhan
Incharge NAAC Criteria
PSSOU, CG Bilaspur

D : Est./mazhar/suchna